आवश्यक/महत्वपूर्ण

उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय, महानगर, लखनऊ-226006

संख्याः डीआईजी(पी/टी)प्रशि0-मिस/2023 दिनाँकः अप्रैल 10, 2023

समस्त राज्य रेडियो अधिकारी/अपर राज्य रेडियो अधिकारी ज़ोन्स
समस्त सहायक रेडियो अधिकारी, परिक्षेत्र
समस्त रेडियो निरीक्षक, जनपद

पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा पुलिस रेडियो कार्मिकों हेतु 75 जनपदों में स्थापित की गयी वर्चुअल क्लास का दिनांक 05.04.2023 को औपचारिक शुभारम्भ किया गया है जिसके समय-समय पर सफल संचालन की दृष्टि से निम्न मानक संचालन प्रक्रिया बनायी जाती है-

मानक संचालन प्रक्रिया

1. क्लास/मीटिंग हेतु साफ व प्रेस की गयी वर्दी/वेश-भूषा धारण की जाय तथा दाढ़ी/बाल कटे व सुव्यवस्थित हों।
2. लाइट प्रतिभागियों के सामने ऊपर से चेहरे पर रहे। प्रतिभागियों के पीछे लाइट न हो, अन्यथा उनके चेहरे साफ दिखायी नहीं देंगे।
3. खिड़की/दरवाजों से आने वाली रोशनी को नियंत्रित रखा जाय, अन्यथा कैमरे में प्रतिभागियों की तस्वीर साफ नहीं आयेगी।
4. कैमरा व प्रोजेक्टर को स्थायी तौर पर सही दूरी व कोण पर पर अधिष्ठापित कर दिया जाय।
5. कैमरे की सेटिंग स्थानीय स्तर पर इस प्रकार रखी जाय कि क्लास के सभी प्रतिभागी कैमरे में दिखाई दें। कैमरे के माइक्रोफोन को भी सेट कर लिया जाय ताकि सभी प्रतिभागियों की आवाज सुनाई दे सके।
6. अपनी बारी आने पर ही माइक्रोफोन ऑन कर जवाब दिया जाय, अन्यथा माइक्रोफोन ऑफ रखा जाय।
7. प्रोजेक्टर के स्पीकर एवं कम्प्यूटर में वाल्यूम सेटिंग इस प्रकार रखी जाय कि कक्ष में बैठे सभी प्रतिभागी वार्ता स्पष्ट रुप से सुन सकें। क्लास में मोबाइल फोन का प्रयोग, आपसी बातचीत, हँसना, इशारे करना आदि आपत्तिजनक हाव-भाव वर्जित होंगे अर्थात् सभी कार्मिक पूर्ण अनुशासन में रहेंगे।
8. क्लास/मीटिंग अल्प समय के नोटिस पर आयोजित की जा सकती हैं। अतः लिंक प्राप्ति की दृष्टि से अपने सीयूजी मोबाइल का इण्टरनेट कनेक्शन व नोटीफिकेशन सेटिंग ऑन रखा जाय तथा समय से पूर्व उपकरण ऑन कर क्लास/मीटिंग हेतु तैयार रहा जाय।
9. उपकरणों का संचालन अत्यंत सावधानीपूर्वक किया जायेगा।
10. उपकरणों/इण्टरनेट की कमियों को दूर कराने हेतु वेण्डर्स/सर्विस प्रोवाइडर के दूरभाष नम्बर रेडियो निरीक्षक द्वारा कार्यालय में रखे जायेंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर त्रुटियों का तत्काल निराकरण कराया जायेगा।

अतः सभी को उक्तानुसार अनुपालन हेतु निर्देशित करते हुए अपेक्षा की जाती है कि साइट प्रिपरेशन तथा उपकरणों के संचालन हेतु प्रत्येक कार्मिक को स्थानीय स्तर पर जनपदीय रेडियो निरीक्षक द्वारा 15 दिवस में प्रशिक्षित कर दिया जाय तथा राज्य रेडियो अधिकारी/अपर राज्य रेडियो अधिकारी ज़ोन्स के माध्यम से संकलित साप्ताहिक अनुपालन आख्या भेजी जाय।

10.04.2023

(एस0पी0 सिंह)
उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार)

प्रतिलिपिः निम्न को कृपया सूचनार्थ प्रेषित-

1. उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय/ऑपरेशन
2. राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन/ऑपरेशन